कार्यालय नगर निगम जयपुर,हैरिटेज

(बडी चौपड़ हवामहल के पीछे जयपुर–01)

हैरिटेज

क्रमांक : –एफ ( )/आयुक्त/सा.प्र./ननिज (है)/2021–22/209

दिनांक : 15.10.2021

कार्यालय आदेश

यह देखा गया है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता के अधीन विभिन्न अनुभागों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली पत्रावलियों/प्रकरणों के प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया सही नहीं है। पत्रावली प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया को सुचारू एवं सही करने तथा प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग के आदेश क्रमांक प.10(1)प्र.सु./अनु–1/2012 दिनांक 24.05.2013 की पालना सुनिश्चित करने के लिए समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि राजकीय कर्तव्य के निर्वहन के दौरान प्रस्तुत की जाने वाली पत्रावलियों/पकरणों पर किये जाने वाले हस्ताक्षर के नीचे सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी का नाम, पदनाम, तिथि अंकित किया जाये। जिन पत्रावलियों पर अधिकारी/कर्मचारी के दिनांकित हस्ताक्षर, नाम, पदनाम अंकित नहीं होंगे, उनकी पत्रावलियां अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा स्वीकार नहीं की जावेंगी।

अतः निर्देशों की अवहेलना को गंभीरता से लिया जावेगा और ऐसी स्थिति में सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

(अवधेश मीना)
IAS
आयुक्त
नगर निगम, जयपुर हैरिटेज

प्रतिलिपि :–

1 निजी सहायक, महापौर महोदया, नगर निगम, जयपुर (हैरिटेज)।
2 निजी सहायक, उप महापौर महोदय, नगर निगम, जयपुर (हैरिटेज)।
3 अति. आयुक्त, नगर निगम, जयपुर (हैरिटेज)।
4 समस्त उपायुक्त (मु0)/शाखा प्रभारी नगर निगम, जयपुर (हैरिटेज)।
5 समस्त जोन उपायुक्त/शाखा प्रभारी नगर निगम, जयपुर (हैरिटेज)।
6 सुरक्षित पत्रावली।

(अवधेश मीना)
IAS
आयुक्त
नगर निगम, जयपुर हैरिटेज